चुनाव का पर्व
DESH KA GARV

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

**झारखण्ड सरकार**
**मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग,**
**सेक्टर–2 धुर्वा, राँची।**

पत्रांक 02 / नि०–EEM–24–27 / 2024 / 5724 राँची, दिनांक 19 / 10 / 2024

प्रेषक,

के० रवि कुमार,
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव।

सेवा मे,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त,
रामगढ़।

**विषय :–** झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव, 2024–स्वयं सहायता समूहों, एन जी ओ इत्यादि के लेखे का अनुवीक्षण के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक–5520, दिनांक–16.10.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय पत्र का संदर्भ लेना चाहेंगे, जिसके द्वारा स्वयं सहायता समूहों, गैर सरकारी संगठनों आदि को राजनीतिक दलों / उम्मीवारों द्वारा धन / सामग्री के वितरण और चुनाव अभियानों के लिए उपयोग करने का माध्यम बनाए जाने पर रोक लगाने के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग का दिशा निदेश को संसूचित किया गया है।

उक्त के क्रम में कहना है कि संलग्न स्क्रीन शॉट (स्वीप झारखण्ड) का अवलोकन किया जाय। उसमें अंकित किए गए तथ्य से स्पष्ट हो रहा है कि निर्वाचन अभियानों में स्वयं सहायता समूह की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा भारतीय न्याय संहिता, 2023 (पूर्ववर्त्ती आई पी सी) के प्रावधानों के संदर्भ में भ्रष्ट आचरण तथा निर्वाचन अपराध है। निर्वाचन अवधि के दौरान स्वयं सहायता समूहों, गैर सरकारी संगठनों आदि के गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने एवं एकान्तर दिवस पर प्रतिवेदन प्राप्त करने की जिम्मेदारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी की है।

अनुरोध है कि 24 घंटे के अन्दर आयोग के उक्त दिशा निदेश के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा करते हुए इस विभाग को अवगत कराने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नकः–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

(के० रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव।

ज्ञापांक 02 / नि0–EEM–24–27 / 2024 / 5724 राँची, दिनांक 19 / 10 / 2024

प्रतिलिपि :– सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि आयोग के उक्त दिशा निदेश के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा कर प्रथम अनुपालन प्रतिवेदन दिनांक–22.10.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय एवं सभी स्वयं सहायता समूहों / एन जी ओ की गतिविधियों से संबंधित प्रतिवेदन DDC/BDO से एकांतर दिवस पर प्राप्त कर लिया जाय।

(के० रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव।

GYAN(B)

6:32 5G 38

< 3 **SVEEP JHARKHAND**

@PRO, Aditya HDM Ranchi, Dutta CEO...




6:23 PM

~vishalkumar... +91 82946 42847

*Forwarded*



0:46 6:23 PM

*Forwarded*

रामगढ़ जिला के पतरातु प्रखंड में जे एस एल पी एस के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जे एस एल पी एस स्टाफ एवं समूह की दीदियों के द्वारा शपथ ग्रहण कर मतदान करने हेतु संकल्प लिया गया। 6:23 PM

~vishalkumar... +91 82946 42847